# SKILL INDIA

## 1. Introduction

Skill development is an important driver to address poverty reduction by improving employability, productivity and helping sustainable enterprise development and inclusive growth. India is facing a paradoxical situation, where on the one hand, youth entering the labour market have no jobs; on the other hand, industries are complaining of unavailability of appropriately skilled manpower. The employment sector in India poses great challenge in terms of its structure which is dominated by informal workers, high levels of under employment, skill shortages and labour markets with rigid labour laws and institutions.

Vocational education and training are crucial for enhancing the employability of an individual, by facilitating the individual's transition into the labour market. The present skilled workforce in India is only 2 %, much lower than the developing nations (Korea (96%), Japan (80%), Germany (75%), UK (68%) and China (40%) as reported by Labour Bureau report.

As compared to other developed and developing countries, India has a unique window of opportunity for another 20-25 years called the "demographic advantage". If India is able to skill its people with the requisite life skills, job skills or entrepreneurial skills in the years to come, the demographic advantage can be converted into the dividend wherein those entering labour market or are already in the labour market contribute productively to economic growth both within and outside the country. Keeping in view that 93% of the total labour force is in the unorganised sector, the major challenge of skill development initiatives is to address the needs of a vast population by providing them skills which would make them employable and enable them to secure decent work leading to improvement in the quality of their life.

In the context of developing economies like India, the challenge is to meet the skilled manpower requirement of the high growing sectors in the informal sector through better synergy between employers and the training providers and increased investment in the infrastructure needed for the skilled man power in the country.

## 2. Pertinent Issues towards Skill gap

The lack of access to good education and training keeps the vulnerable and the marginalized sections into the vicious circle of low skills; low productive employment and poverty. The marginalized group which includes rural poor, youth, persons with disabilities, migrant workers and women constitute the highest number of poor. There are two major problems with the existing workforce that is already supposed to be skilled:

- poor quality of labour force who have general education up to secondary level or those having vocational training and got employed
- Educated labour force who are not able to find jobs matching their qualification due to lack of technical or soft skills

The above factors lead to the mismatch between the skills that are currently available in the educated or trained labour force on the one hand, and the type of skills that are actually in demand from employers on the other hand.

While skills training is being actively promoted by the government and its partners in the private sector and industry, it is not an aspirational career choice among the youth. Vocational training is perceived as a fall back option rather than mainstream career choice. This bias is observed amongst employers who pay higher salaries to entry level engineers compared to experienced workers who have done vocational training. Thus, along with issues of capacity, quality and employability, attitudinal factors about how skills training is perceived by both potential trainees and employers need to be addressed.

## 3. Government of India Initiatives

Govt. of India Minister announced the Skill India campaign on 15 July 2015 with an aim to train over 40 crore (400 million) people in India in different skills by 2022 for which GoI has launched a bunch of skill development initiatives aimed at skilling unemployed youth to make India the skill Capital of the world. Some of the initiatives in this regard are:

- Ministry for Skill Development & Entrepreneurship (MSDE) has been formed for the first time to focus on enhancing employability of the youth through skill development.
- The National Skill Development Corporation India (NSDC) was setup as a Public Private Partnership Company with the primary mandate of catalysing the skills landscape in India.
- Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY) aims to enable a large number of Indian youth to take up industry-relevant skill training that will help them in securing a better livelihood. The National Skill Development Mission has been developed to create convergence across sectors and States in terms of skill training activities.
- Pradhan Mantri Kaushal Vikas Kendras: Skill India Mission envisages setting up of 432 Pradhan Mantri Kaushal Kendra(s) (PMKKs) in 415 districts across the country targeting to train a minimum of one lakh candidates annually.
- Deen Dayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana (DDU-GKY) of the Ministry of Rural Development, Government of India aims to train rural youth who are poor and provide them with jobs having regular monthly wages or above the minimum wages. It is one of the cluster of initiatives that seeks to promote rural livelihoods. It is a part of the National Rural Livelihood Mission (NRLM) - the Mission for poverty reduction called Aajeevika.
- The first Indian Institute of Skills is being established at Kanpur by the Union Ministry of Skill Development and Entrepreneurship in partnership with Institute of Technical Education, Singapore. Inspired by the Singapore model of training, the Indian Institute of Skills plans to adopt various best practices across the country.

- National Apprentice Promotion Schemes and Drivers' Training Institutes helps in apprenticeship training as it is an important tool for addressing skill mismatches.
- UDAAN is a Special Industry Initiative for Jammu & Kashmir in the nature of partnership between the corporates of India and Ministry of Home Affairs and implemented by National Skill Development Corporation (NSDC). The Scheme aims to cover 40,000 youth of J&K over a period of five years
- Sector Skill Councils have been set up as autonomous industry-led bodies by NSDC. They create Occupational Standards and Qualification bodies, develop competency framework, conduct Train the Trainer Programs, conduct skill gap studies and Assess and Certify trainees on the curriculum aligned to National Occupational Standards developed by them. NSDC has 38 Sector Skill Councils (SSC) approved in services, manufacturing, agriculture & allied services, and informal sectors.
- To meet the aspirations of ITI qualified candidates for attaining higher academic qualification Directorate General of Training (DGT), MSDE and National Institute of Open Schooling (NIOS) have signed an agreement and launched Dual System of Training and Space based Distance Learning Programme (SDLP) for MSDE. Through these programmes, a large number of students located at various ITIs including remote locations across the country can access the lectures of resource persons, thus creating a virtual classroom.
- SANKALP (Skills Acquisition and Knowledge Awareness for Livelihood Promotion launched by MSDE): The main objectives of the project include strengthening institutional mechanisms at both national and state levels, building a pool of quality trainers and assessors, creating convergence among all skill training activities at the state level, establishing robust monitoring and evaluation system for skill training programs.

## 4. Efforts taken by NABARD towards Skill Development

NABARD supports Skill Development Programmes (SDPs) for facilitating generation of wage employment opportunities as well as self-employment for the rural youth. During 2017-18, financial assistance of Rs.969.76 lakh was sanctioned for conducting 1498 programmes covering 35462 candidates on Entrepreneurship & Skill development. As on 31 March 2018, 32520 SDPs were supported with grant assistance of Rs.12141.76 lakh, imparting training to around 8.37 lakh unemployed rural youth. The recent initiatives taken by NABARD towards skill development are indicated below:

- NABSKILL: To give further impetus for rural entrepreneurship, on 29th November 2017, NABARD has launched a digital interface initiative - NABSKILL (www.nabskillnabard.org) to capture the details of all stakeholders (Training Seeker, Training Provider, Placement Agencies and NABARD) involved in skill development initiatives of NABARD
- NABARD supports skill development in an end-to-end model on selective basis through NGOs/VA Skill development/entrepreneurship development through

rural self-employment, training institutes to ensure participation of bankers in the entrepreneurship development ecosystem.

- Broad basing of Clientele base: Apart from supporting conventional Skill Development Programmes being conducted by RSETI/RUDSETI type of Institutions, NABARD partnered with corporates like Ambuja Cement Foundation (ACF), Ashok Leyland Institute for Driving, Training and Research (ALIDTR) and Dalmia Cement Foundation for developing various skill development activities for rural youth during the financial year 2017-18.
- Pilot projects towards setting up of ABICs (Agri Business Incubation Centre): NABARD took the initiative of providing financial assistance and other need based support in establishment of 'new' Agri Business Incubation Centers (ABICs) in Government Agriculture Universities/Government Agriculture Colleges across India. A grant assistance of Rs.1174.85 lakh and Rs.1224.37 lakh was sanctioned to Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU) and Tamil Nadu Agricultural University (TNAU) for setting up Agri Business Incubation Centre at their Hisar and Madurai campus respectively.

## 5. Need of the hour

The employment landscape is rapidly changing and new jobs are emerging with fast disruption in business models around the globe. Skills required today as well as job markets are markedly different from those 10 or even 5 years ago. The speed with which these changes are taking place is bound to accelerate. Therefore, the need of the hour is to build a skilling system which would enable the workforce to adapt and match the new requirements, a system that responds well to business needs and also provides new opportunities for all. The Skills Report 2018 highlights the current trends along with laying out what it will take for India to become the "Skill Capital" of the world.

In order to the address the above mentioned gaps and to reap benefit of demographic dividend resulting in increased productivity, employment and development of economy, the following measures are required to be taken care:

- Connecting basic education to technical training, technical training to labour market entry and labour market entry to workplace and continuous learning in the domain
- Ensuring continuous communication between Industries and Training providers so that training meets the needs and aspirations of workers and enterprises.
- Information dissemination towards placement of skilled labour force
- Thrust for entrepreneurship development amount rural youths
- Integrating skill development policies with other policy areas – not only labour market and social protection policies, but also industrial, investment, trade and technology policies, and regional or local development policies.
- Building and sustaining competencies for future rural labour market needs

## 6. Way forward

The Economic Survey 2014-15 has concluded that a major impediment to the pace of quality employment generation in India is the small share of manufacturing in total employment. Promoting growth of micro, small, and medium enterprises is critical from the perspective of job creation which has been recognized as a prime mover of the development agenda in India. Therefore, a robust system should be put in place in which skill based training should be linked with placement facility to link trainee with Industries/Employers.

Skill empowerment of traditional sectors: India has families who have inherited traditional skills in Handicrafts and Handloom sectors from their previous generation and they further extend these to new generations. These skills are dying because they are not cost effective and hence cannot survive in the competitive market, unless marketed properly. If these skills can be linked with the livelihood option then with proper training, packaging and marketing, it can survive and provide these people financial independence in addition to meeting the target of skilling 400 million people by 2022 envisaged by Govt. of India.

*****

# कौशल भारत (स्किल इंडिया)

## 1. परिचय

गरीबी निवारण के लिए कौशल विकास एक महत्वपूर्ण घटक है. लोगों को रोज़गार-कुशल बनाकर, उनकी क्षमताएं बढ़ाकर, साथ ही सतत उद्यमिता विकास और समावेशी प्रगति को बढ़ावा देकर उन्हें गरीबी से उबारा जा सकता है. हमारा देश वर्तमान में दो विपरीत स्थितियों का एक साथ सामना कर रहा है. जहां एक ओर श्रम बाज़ार में युवाओं के लिए रोज़गार नहीं है, वहीं दूसरी ओर उद्योग जगत का कहना है कि बाज़ार में कुशल कर्मचारियों की भारी कमी है. भारत का रोज़गार क्षेत्र एक बड़ी ढांचागत समस्या का सामना कर रहा है जिसमें बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं, उनकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो रहा है, कौशल की कमी है और श्रम बाज़ारों पर कड़े श्रम नियमों व संस्थाओं का व्यापक प्रभाव है.

व्यक्ति की रोज़गार-कुशलता बढ़ाने के लिए उसे व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाना अत्यंत आवश्यक है. इस प्रकार तैयार व्यक्ति एक बड़े श्रम बाज़ार का रूप ले सकते हैं. श्रम ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में भारत में महज 2% श्रमिक कुशल हैं जबकि अन्य विकासशील देशों जैसे कोरिया (96%), जापान (80%), जर्मनी (75%), ब्रिटेन (75%) और चीन (40%) में व्यवसाय-कुशलता कहीं अधिक है.

अन्य विकासशील और विकसित देशों की तुलना में भारत के पास अगले 20-25 वर्षों तक एक विशिष्ट अवसर है. इसे हम "जनसांख्यिकीय लाभ" कह सकते हैं. यदि भारत आने वाले वर्षों में अपने लोगों को ज़रूरी जीवन कौशल, रोज़गार कौशल और उद्यमिता कौशल से सक्षम कर सकता है तो इस जनसांख्यिकीय लाभ का पूरा फायदा उठाया जा सकता है. इस प्रकार, श्रम बाज़ार में प्रवेश करने वाले और पहले से कार्य कर रहे लोग देश के भीतर और बाहर आर्थिक प्रगति के लिए बेहतर योगदान दे सकते हैं. चूंकि 93% श्रमशक्ति असंगठित क्षेत्र में है, कौशल विकास की एक प्रमुख चुनौती जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को रोज़गार-कुशल और इतना सक्षम बनाना है कि उनके कार्य से उनका जीवन-स्तर बेहतर हो सके.

भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में चुनौती यह है कि असंगठित क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति कर रहे क्षेत्रों में रोज़गारदाताओं और प्रशिक्षण-प्रदाताओं के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए उनकी कुशल-श्रम आवश्यकताओं की पूर्ति की जाए. इसके अलावा, देश में कुशल श्रमशक्ति के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं में भी निवेश बढ़ाए जाने की आवश्यकता है.

## 2. कौशल की कमी से जुड़े ज्वलंत मुद्दे

अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण न मिलने की वजह से समाज के कमज़ोर और वंचित वर्ग अल्प कौशल, कम आमदनी के रोज़गार और गरीबी के दुष्चक्र में उलझे रहते हैं. वंचित समूह जिनमें ग्रामीण गरीब, युवा, दिव्यांग, प्रवासी मज़दूर और महिलाएं शामिल हैं, गरीबी से सर्वाधिक अभिशप्त हैं. वर्तमान श्रमशक्ति, जिसे अब तक कुशल हो जाना चाहिए था, के साथ दो प्रमुख समस्याएं हैं:

- अल्पकुशल श्रमशक्ति जिनका शिक्षा-स्तर प्रायः दसवीं तक का होता है या व्यावसायिक प्रशिक्षण लेकर रोज़गार प्राप्त करने वाले लोग, और
- शिक्षित श्रमशक्ति जिन्हें तकनीकी या सॉफ्ट स्किल्स की कमी की वजह से अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप नौकरी नहीं मिल पाती है.

उपर्युक्त वर्णित कारणों में जहां एक ओर वर्तमान में उपलब्ध शिक्षित या प्रशिक्षित श्रमशक्ति के कौशल में असंतुलन है, वहीं दूसरी ओर ऐसे अनेक कौशल हैं जिनके लिए रोज़गारदाताओं को कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है.

सरकार पूरी सक्रियता से कौशल-प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रही है, निजी क्षेत्र और उद्योग जगत के भागीदार भी सरकार का साथ दे रहे हैं, लेकिन युवा-वर्ग इसे अपनी पसंद के केरियर के रूप में नहीं देख रहा है. व्यावसायिक प्रशिक्षण को मजबूरी में चुना गया विकल्प समझा

जाता है, मुख्य केरियर विकल्प नहीं. यह भेदभाव रोज़गारदाताओं के स्तर पर देखा जा सकता है जो इंजीनियर के रूप में शुरूआत करने वाले कर्मचारियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण लेकर आने वाले अनुभवी कार्मिकों से अधिक वेतन देते हैं. इस प्रकार, क्षमता, गुणवत्ता, रोज़गार-कुशलता, व्यवहार आदि के अलावा, कौशल-प्रशिक्षण के प्रति संभावित प्रशिक्षुओं और रोज़गारदाताओं, दोनों के नज़रिये पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है.

### 3. भारत सरकार के प्रयास

हमारे प्रधानमंत्री ने 15 जुलाई 2015 को कौशल भारत अभियान की घोषणा करते हुए वर्ष 2022 तक 40 करोड़ से अधिक देशवासियों को विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा है. इस अभियान के तहत भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के लिए अनेक कौशल विकास कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं जिनमें बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा. कुछ प्रमुख प्रयास इस प्रकार हैं:

- कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की रोज़गार-कुशलता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के लिए पहली बार कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) आरंभ किया गया है.

- निजी-सरकारी भागीदारी कंपनी के रूप में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) आरंभ किया गया. इसका प्रमुख उद्देश्य भारत के कौशल-परिदृश्य को उच्च स्तर पर ले जाना है.

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को उद्योग-अनुकूल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें बेहतर आजीविका के लिए सक्षम करने के उद्देश्य के साथ आरंभ की गई है. विभिन्न कार्यक्षेत्रों और राज्यों में चल रही कौशल विकास गतिविधियों में समन्वय के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन तैयार किया गया है.

- प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र: कौशल भारत मिशन के तहत देश के 415 जिलों में 432 प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र स्थापित करने और इन केंद्रों के माध्यम से प्रतिवर्ष कम से कम एक लाख अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है.

- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करके उन्हें नियमित मासिक आमदनी या न्यूनतम आय से अधिक का रोज़गार उपलब्ध कराना है. ग्रामीण रोज़गार संवर्धन के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है. यह योजना उन प्रयासों में से एक है. यह गरीबी निवारण के लिए जारी मिशन- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का हिस्सा है.

- भारत सरकार का कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नीकल एजुकेशन के साथ भागीदारी करते हुए पहला भारतीय कौशल संस्थान कानपुर में स्थापित कर रहा है. सिंगापुर के प्रशिक्षण मॉडल से प्रेरित होते हुए भारतीय कौशल संस्थान देश भर की श्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाने की योजना बना रहा है.

- राष्ट्रीय ऐप्रेंटिस संवर्धन योजनाएं और ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऐप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण में सहायता कर रहे हैं. कौशल असंतुलन दूर करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण माध्यम है.

- उड़ान जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए आरंभ की गई एक विशेष उद्योग पहल है जिसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम लागू कर रहा है. यह भारत के कॉर्पोरेट्स और गृह मंत्रालय के बीच एक प्रकार की भागीदारी है. इस योजना के तहत पांच वर्ष की अवधि में जम्मू-कश्मीर राज्य के 40,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है.

- एनएसडीसी ने सेक्टर स्किल काउंसिल्स की स्थापना की है जो स्वायत्त उद्योग-संचालित संस्थाओं के रूप में कार्य करेंगी. ये पेशे के लिए मानक और पात्रता संस्थाएं तैयार करेंगी, दक्षता फ्रेमवर्क तैयार करेंगी, प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगी, कौशल अंतराल का अध्ययन करेगी और उनके द्वारा विकसित नेशनल ऑक्यूपेशनल स्टैंडर्ड्स के अनुसार तैयार किए गए पाठ्यक्रम के आधार पर प्रशिक्षुओं का आकलन व प्रमाणन किया जाएगा. एनएसडीसी की 38 अनुमोदित

सेक्टर स्किल काउंसिल्स हैं जो सेवा-क्षेत्र, विनिर्माण, कृषि और सहायक सेवाओं तथा असंगठित क्षेत्रों के लिए कार्य कर रही हैं.

- उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के आकांक्षी आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), एमएसडीई और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) ने करार निष्पादित करते हुए एमएसडीई के लिए प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली और जगह आधारित दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम (एसडीएलपी) आरंभ किया है. इन कार्यक्रमों के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में स्थित आईटीआई में बड़ी संख्या में विद्यार्थी के लिए प्रशिक्षकों के व्याख्यान सुनने और वर्चुअल कक्षाओं से लाभान्वित होने की व्यवस्था होगी.

- संकल्प - एमएसडीई द्वारा आजीविका संवर्धन के लिए आरंभ किया गया कौशल प्राप्ति और ज्ञान जागरूकता कार्यक्रम: इस कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों में राष्ट्रीय और राज्यों के स्तर पर संस्थागत प्रणालियों को सुदृढ़ करना, उत्कृष्ट प्रशिक्षक और आकलनकर्ता तैयार करना, सभी कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों का राज्य स्तर पर समन्वय करना, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए व्यापक निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली स्थापित करना शामिल हैं.

## 4. नाबार्ड द्वारा कौशल विकास की दिशा में किए गए प्रयास

रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं के लिए स्व-रोजगार की सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से नाबार्ड कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) को सहायता देता है. 2017-18 के दौरान उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 1498 कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रु. 969.76 लाख की वित्तीय सहायता मंजूर की गई और इनमें 35,462 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार 32520 कौशल विकास कार्यक्रमों (एसडीपी) के लिए रु.1,2141.76 लाख की अनुदान सहायता मंजूर की गई और इन कार्यक्रमों में लगभग 8.37 लाख बेरोजगार ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. नाबार्ड द्वारा कौशल विकास की दिशा में हाल में उठाए गए कदमों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

- नैबस्किल: ग्रामीण उद्यमिता को अधिक प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से नाबार्ड ने इस पहल में शामिल सभी हितधारकों (प्रशिक्षण के इच्छुक अभ्यर्थियों, प्रशिक्षण प्रदाता, नियुक्ति प्रदान करने वाली एजेंसियों और नाबार्ड) के ब्यौरों को एकत्र करने के लिए 29 नवंबर 2017 को नैबस्किल (www.nabskillnabard.org) नामक एक डिजिटल इंटरफेस की शुरुआत की है.
- नाबार्ड, उद्यमिता विकास के इकोसिस्टम में बैंकरों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से गैर-सरकारी संगठनों/ स्वैच्छिक एजेंसियों, ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर चयनित आधार पर आरंभ से अंत के मॉडल पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम संचालित करता है.
- ग्राहक आधार में विस्तार: आरसेटी / रुडसेटी - संस्थानों द्वारा आयोजित पारंपरिक कौशल विकास कार्यक्रमों को सहायता देने के अलावा, नाबार्ड ने अंबुजा सिमेंट फाउंडेशन (एसीएफ), अशोक लिलैंड इंस्टीट्यूट फॉर ड्राइविंग, ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एएलआईडीटीआर) और डालमिया सिमेंट फाउंडेशन जैसी कंपनियों के साथ मिलकर वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान ग्रामीण युवाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास गतिविधियों के उन्नयन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया है.
- कृषि व्यवसाय उद्भवन केंद्र (एबीआईसी ) की स्थापना के लिए प्रायोगिक परियोजनाएं: नाबार्ड ने सरकारी कृषि विश्वविद्यालयों / सरकारी कृषि कॉलेजों में 'नए' कृषि व्यवसाय उद्भवन केंद्रों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता और अन्य अपेक्षित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने की पहल की है. इसके तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएसएचएयू) और तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) को उनके हिसार और मदुरै कैंपस में कृषि व्यवसाय उद्भवन केंद्र की स्थापना के लिए क्रमशः रु.1,7474.5 लाख और रु.224.37 लाख की अनुदान सहायता मंजूर की गई.

## 5. समय की मांग

रोजगार परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और विश्व भर के अभिनव बिजनेस मॉडलों के साथ नई नौकरियां सृजित हो रही हैं. आज के माहौल में कौशल और रोजगार बाजार की आवश्यकताएं अब से 10 या 5 साल पहले की आवश्यकताओं से काफी अलग हैं. इस परिवर्तन की गति में और तेजी आएगी. इसे ध्यान में रखते हुए, आज समय की मांग है कि एक ऐसी स्किलिंग प्रणाली का निर्माण किया जाए जो श्रमिकों को नई आवश्यकताओं के साथ तालमेल बैठाने और इन्हें पूरा करने के लिए सक्षम बनाए. एक ऐसी प्रणाली जो व्यवसाय की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ सभी के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए. स्किल्स रिपोर्ट 2018 में मौजूदा रुझानों के साथ-साथ भारत को विश्व की "कौशल राजधानी" के रूप में स्थापित करने के तौर तरीकों का भी उल्लेख किया गया है.

उपर्युक्त आवश्यकताओं को पूरा करने और उत्पादकता, रोजगार और अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी लाने में जनसंख्या बल का लाभ उठाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जाने चाहिए:

- बुनियादी शिक्षा को तकनीकी प्रशिक्षण से जोड़ना, श्रम बाजार में पहुंच के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और श्रम बाजार से कार्यस्थल तक पहुंच और कार्यक्षेत्र में निरंतर ज्ञान अर्जन.
- उद्योग जगत और प्रशिक्षण प्रदाताओं के बीच निरंतर संवाद सुनिश्चित करना ताकि श्रमिकों और उद्यमों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके.
- कुशल श्रमिकों की नियुक्ति के लिए सूचनाओं का प्रचार- प्रसार.
- ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता विकास पर बल देना.
- अन्य नीतिगत क्षेत्रों के साथ कौशल विकास नीतियों का समन्वय - श्रम बाजार और सामाजिक सुरक्षा नीतियों के साथ-साथ औद्योगिक, निवेश, व्यापार और प्रौद्योगिकी नीतियों तथा क्षेत्रीय या स्थानीय विकास नीतियों के बीच सामंजस्य.
- ग्रामीण श्रम बाजार की भावी जरूरतों के लिए सतत आधार पर क्षमता निर्माण

## 6. भावी मार्ग

आर्थिक सर्वेक्षण 2014-15 में निष्कर्ष निकाला गया है कि भारत में गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन के मार्ग में एक बड़ी बाधा कुल रोजगार में विनिर्माण क्षेत्र की छोटी हिस्सेदारी होना है. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास को बढ़ावा देना रोजगार सृजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है जिसे भारत में विकास एजेंडा के प्रमुख वाहक के रूप में मान्यता दी गई है. इसे ध्यान में रखते हुए, एक ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित की जानी चाहिए जिसमें उद्योग / नियोक्ता के साथ प्रशिक्षु को जोड़ने के लिए कौशल-आधारित प्रशिक्षण को प्लेसमेंट सुविधा से जोड़ा जाए.

पारंपरिक क्षेत्रों का कौशल सशक्तीकरण: भारत में ऐसे परिवार हैं जिन्हें हस्तशिल्प और हैंडलूम क्षेत्रों में उनकी पिछली पीढ़ी से पारंपरिक कौशल विरासत में मिला है और वे इसे आगे नई पीढ़ियों तक बढ़ाते हैं. ये कौशल अब विलुप्त हो रहे हैं क्योंकि ये किफ़ायती नहीं हैं. अतः जब तक सही तरीके से इनकी मार्केटिंग न की जाए, आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में ये टिके नहीं रह सकते हैं. यदि इस प्रकार के कौशल को आजीविका के विकल्प से जोड़ा जाए तो उचित प्रशिक्षण, पैकेजिंग और विपणन के माध्यम से इन्हें बचाए रखा जा सकता है और भारत सरकार द्वारा 2022 तक 400 मिलियन लोगों को कौशल प्रशिक्षण देने के लक्ष्य को पूरा करने के साथ-साथ इन लोगों को वित्तीय स्वतंत्रता दी जा सकती है.

*****